समाचार

प्लास्टिक फ्री कोरबा

दुकानों, ठेलों में प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग न करें–आयुक्त

(आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने फल–सब्जी, स्वल्पाहार ठेलों पर पहुंचकर ठेला संचालकों को दी समझाईश, वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने वालों की सराहना की, किया उनका उत्साहवर्धन)

कोरबा 30 जुलाई 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने आज फल–सब्जी, स्वल्पाहार आदि के ठेलों, गुमठियों पर पहुंचकर ठेला संचालकों को प्रतिबंधित प्लास्टिक से बने कैरीबैग, डिस्पोजल आदि का उपयोग न करने की समझाईश दी तथा इस दौरान प्लास्टिक कैरीबैग के वैकल्पिक साधनों, सामग्रियों का उपयोग करने वाले ठेला संचालकों की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा प्लास्टिक फ्री कोरबा अभियान में उनकी सहभागिता की सराहना की।

यहां उल्लेखनीय है कि शासन ने निर्धारित मानक के अनुरूप न होने वाली प्लास्टिक एवं उससे बनी सामग्री के निर्माण, भण्डारण व उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया हुआ है, प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण, साफ–सफाई एवं मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कोरबा में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा के निर्देश पर निगम द्वारा '' प्लास्टिक फ्री कोरबा '' का अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न जनजागरूकता कार्यो के साथ–साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल आदि का विक्रय व उपयोग करने वालों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही भी की जा रही है। आज आयुक्त श्री शर्मा ने शहर के विभिन्न स्थानों का

भ्रमण करते हुए फल–सब्जी, स्वल्पाहार आदि के ठेलों पर पहुंचे, ठेला संचालकों से प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल आदि का उपयोग न किए जाने पर चर्चा की तथा उनसे कहा कि प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल सहित अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री पर्यावरण, स्वास्थ्य व साफ–सफाई व्यवस्था के लिए अत्यत हानिकारक है, अतः आप अपने ठेलों, दुकानों में प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल का उपयोग बिलकुल न करें, वैकल्पिक साधनों को उपयोग में लाएं तथा कोरबा को प्लास्टिक मुक्त कोरबा बनाने में अपना सहयोग दें। इस दौरान अधिकांश ठेला संचालकों द्वारा अपनी दुकानों में प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल के स्थान पर वैकल्पिक सामग्रियां उपयोग में लाई जा रही थी, आयुक्त श्री शर्मा ने इन ठेला संचालकों के इस कदम की प्रशंसा करते हुए उनकी पीठ थपथपाई तथा आगे भी इसी प्रकार का सहयोग बनाए रखने की अपील की।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, जोन कमिश्नर आर.के चौबे, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, डॉ.संजय तिवारी, अशोक बनाफर, एच.आर.बघेल, गोयल सिंह विमल, भावेश यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।